प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

ऑनलाइन पाठ्यक्रम पर पांच-दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न

पंतनगर। 22 सितम्बर 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय द्वारा 'उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग करके ऑनलाइन पाठ्यक्रम कैसे तैयार किया जाये' विषय पर 5-दिवसीय कार्यशाला का समापन आज हुआ। यह कार्यक्रम स्कील मित्रा संस्था के सहयोग से आयोजित किया गया। समापन के इस अवसर पर स्कील मित्रा संस्थान के प्रबंधक निदेशक, श्रीमती अर्चना ठकराल ने मुक्त शैक्षणिक संसाधनों की सम्पूर्ण जानकारी प्रतिभागियों को उपलब्ध करायी। स्कील मित्रा संस्थान की श्रीमती वरूणा भाल ने विद्यार्थियों को कक्षा में रूचिकर बनाने हेतु संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम निदेशक एवं अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन, डा. आर.एस. जादौन ने बताया कि वर्तमान परिवेश में इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कोविड–19 के कारण नये परिवेश में शिक्षण कार्य अधिक प्रभावी रूप से संचालित किया जाना एक चुनौतिपूर्ण कार्य है। डा. जादौन ने कहा कि आज के समय की मांग है कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय सदस्यों को उपलब्ध तकनीकी का सही उपयोग करने हेतु प्रशिक्षित किया जाये। कुलपति डा. तेजप्रताप ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के 38 संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया है।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक, डा. निर्देश कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी एवं ऑनलाइन प्रमाण-पत्र भी वितरण किये।

स्कील मित्रा संस्थान के प्रबंधक निदेशक, श्रीमती अर्चना ठकराल एवं श्रीमती वरूणा भाल।